## एक नजर में




### डोंबिवली नागरी सहकारी बैंक का उद्घाटन

**उज्जैन।** महाराष्ट्र की एक अग्रणी सहकारी बैंक के रूप में पहचानी जाने वाली डोंबिवली नागरी सहकारी बैंक ने अपने विस्तार के सफर में एक नया ऐतिहासिक अध्याय जोड़ते हुए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। वर्तमान में बैंक महाराष्ट्र राज्य के 16 जिलों में अपनी 67 शाखाओं के माध्यम से सफलतापूर्वक ग्राहक सेवा प्रदान कर रही है। ग्राहकों के विश्वास की मजबूत नींव पर बैंक ने अपने कार्यक्षेत्र का विस्तार करते हुए अपनी 68वीं तथा मध्यप्रदेश की पहली शाखा तीन बत्ती चौक, फ्रीगंज, उज्जैन में प्रारंभ की है। शाखा का उद्घाटन समारोह शुक्रवार, दिनांक 14 नवंबर 2025 को संपन्न हुआ। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के उज्जैन विभाग संघचालक बलराज भट्ट मुख्य उद्घाटक के रूप में उपस्थित थे। जबकि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं निवृत्त क्षेत्र संघचालक अशोक जैन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। अपने उद्बोधन में बलराज भट्ट ने डोंबिवली नागरी बैंक के मध्यप्रदेश में प्रवेश का स्वागत किया। अतिथि अशोक सोहनी ने उज्जैन शाखा को शुभकामनाएं दी। प्रारंभ में बैंक के अध्यक्ष डॉ. गणेश धारगळकर ने सभी का स्वागत किया। इस समारोह में बैंक के अन्य संचालक, प्रभारी मुख्य कार्यकारी अधिकारी, वरिष्ठ अधिकारी वर्ग, स्थानीय नागरिक तथा विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित थे। संपूर्ण कार्यक्रम का वातावरण उत्साहपूर्ण और प्रेरणादायी था।



### समीक्षा व्यास वामा रत्न अवार्ड से सम्मानित

**उज्जैन।** देवी अहिल्या चेरिटेबल ट्रस्ट मुंबई द्वारा नई दिल्ली में कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में वामा रत्न अवार्ड सीजन 2 का आयोजन किया गया। जिसमें उज्जैन की समीक्षा नवीन व्यास को सर्विस टू ह्यूमैनिटी अवार्ड वामा रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि सांसद मंजू शर्मा, सांसद बांसुरी स्वराज, पुलिस उपअधीक्षक अंजना तिवारी, टीवी कलाकार युक्ता उपाध्याय, देवी अहिल्या चेरिटेबल ट्रस्ट मुंबई की अध्यक्ष, राधा पंचारिया ने समीक्षा नवीन व्यास को सर्विस टू ह्यूमैनिटी अवार्ड वामा रत्न अवार्ड से सम्मानित किया। सिंहपुरी गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज की बहु समीक्षा नवीन व्यास अखिल भारतीय आध्यात्मिक और रोजगार महिला इकाई की महामंत्री है और कई सामाजिक संस्थाओं में सदस्य के रूप में समाज सेविका के रूप में कार्य करती है।




### विद्यार्थियों को स्वरोजगार हेतु किया प्रेरित

**उज्जैन।** लोकमान्य तिलक विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय में रोजगार स्वरोजगार व अप्रेंटिसशिप मेले में सहभागिता की। विद्यार्थियों द्वारा बैंकिंग सेक्टर, इंश्योरेंस सेक्टर में रजिस्ट्रेशन करवाया गया। साथ ही छात्राओं ने भी बीमा सखी योजना, जो केवल महिलाओं के लिए ही है, का लाभ उठाने हेतु उसका पूरा विवरण लिया तथा उसमें जागरूकता दिखाई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शैलेश त्रिपाठी ने अधिक से अधिक विद्यार्थियों को स्वरोजगार हेतु प्रेरित किया और इस तरह के अवसरों में जानने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही लोकमान्य तिलक सांस्कृतिक न्यास के अध्यक्ष किशोर खंडेलवाल, सचिव विश्वनाथ सोमण एवं कार्यपालन अधिकारी गिरीश भालेराव ने विद्यार्थियों को अभिप्रेरित किया। लोकमान्य तिलक विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. नितिशा तोषनीवाल एवं डॉ. मीनल वनवट ने भ्रमण का नेतृत्व किया।

### लोकनृत्य स्पर्धा के साथ पाककला का प्रदर्शन

**उज्जैन।** भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के समापन वर्ष जनजाति गौरव दिवस के अवसर पर शासकीय माधव विज्ञान महाविद्यालय में निबंध, चित्रकला, क्विज, लोकगीत, लोकनृत्य, पाककला प्रदर्शन सहित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हरीश व्यास के द्वारा की गई। 10 नवंबर को निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका विषय 'स्वतंत्रता प्राप्ति में जनजातिय सेनानियों का योगदान और मध्य प्रदेश की ऐतिहासिक व गौरवशाली जनजाति धरोहर' था। निबंध प्रतियोगिता के संयोजक डॉ. आसमा खान और सदस्य अमित कुमार कांडे के नेतृत्व में हुआ। 12 नवंबर को जनजाति व्यंजन पर आधारित पाक कला का आयोजन कार्यक्रम संयोजक डॉ. मनमीत कौर मक्कड़, डॉ. प्रमिला बघेल के नेतृत्व में हुआ। 13 नवंबर को लोकगीत एवं लोक नृत्य का आयोजन किया गया। इसके संयोजक डॉ. शुभांगी वैद्य एवं सदस्य डॉ. तोशी वाडिया थीं। 13 नवंबर को ही महाविद्यालय में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका विषय मध्य प्रदेश की समृद्ध जनजाति का इतिहास एवं स्वतंत्रता संग्राम में योगदान था। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. अजय कुमार सक्सेना एवं डॉ. श्वेता जैन ने छात्रों को संबोधित किया। प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का संचालन डॉ. रत्नेश शर्मा ने किया और आभार डॉ. शिखा शिवालिया द्वारा किया गया। महाविद्यालय में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका विषय जनजाति संस्कृति तथा प्रकृति से निकटता था। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. रश्मि ऋषिश्वर, डॉ मेघा चौरे एवं डॉ. संतोष कुमार साहू ने किया। कार्यक्रम में प्रो. आरके तिवारी, डॉ. शशि जोशी आदि उपस्थित रहे। संयोजन डॉ. शशि जोशी एवं डॉ. प्रमिला बघेल के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

### जोशी प्रेमचंद सृजन पीठ के निदेशक बने

**उज्जैन।** सुपरिचित व्यंग्यकार, लेखक, पत्रकार मुकेश जोशी मप्र संस्कृति परिषद द्वारा उज्जैन में स्थापित प्रेमचंद सृजन पीठ के निदेशक मनोनीत किए गए हैं। श्री विशाला लोकहित एवं सांस्कृतिक समिति उज्जैन के अध्यक्ष राजेशसिंह कुशवाह ने बताया कि मप्र संस्कृति परिषद की प्रदेश में चार साहित्यिक पीठ स्थापित हैं, निराला सृजन पीठ भोपाल, मुक्तिबोध पीठ, सागर, बाल साहित्य पीठ, इंदौर एवं प्रेमचंद सृजन पीठ, उज्जैन। प्रेमचंद सृजन पीठ उज्जैन के लिए व्यंग्यकार, पत्रकार मुकेश जोशी का मनोनयन संस्कृति एवं साहित्य प्रेमी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की अनुशंसा पर हुआ है। कुशवाह ने बताया कि इस प्रतिष्ठित पीठ में उज्जैन मूल के कोई भी साहित्यकार यहां मनोनीत नहीं हो सके। जोशी उज्जैन के पहले साहित्यकार हैं जिन्हें इस पीठ पर बैठाया जा रहा है। संस्कृति परिषद की इन पीठों की स्थापना लेखक, कवियों को अपने स्वतंत्र सृजन हेतु की गई थी कि इन चेयर पर बैठे साहित्यिकजन अपने सृजन को निर्बाध रूप से करते हुए नए आयाम दे सकें। कुशवाह ने जोशी के मनोनयन पर, संस्कृति मंत्री, मुख्यमंत्री के सांस्कृतिक सलाहकार डॉ. श्रीराम तिवारी, निदेशक साहित्य अकादमी डॉ. विकास दवे, कलावती यादव, डॉ. रमण सोलंकी, डॉ. रवि सोलंकी, संजय अग्रवाल आदि का आभार व्यक्त किया है।

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बिहार में 28 सभा व रोड शो कर दिखा दिया जलवा

## बिहार चुनाव में मिली प्रचंड जीत का जश्न सीएम के गृहनगर में मना, सीएम का सफल हुआ प्रचार, ढोल नगाड़े बांट कर आतिशबाजी की, मिठाई भी बांटी गई







**उज्जैन। बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की प्रचंड विजय के बाद, भारतीय जनता पार्टी के द्वारा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल के नेतृत्व में स्थानीय टॉवर चौक पर भव्य विजयोत्सव मनाया गया।**

शुक्रवार को मनाया गए जीत के जश्न के दौरान कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों की थाप पर जयकारे लगाए, ज़ोरदार आतिशबाज़ी की और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर ऐतिहासिक जीत का जश्न मनाया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव गए थे बिहार

यह जश्न इसलिए भी खास रहा क्योंकि इसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के बिहार चुनाव में किए गए धुआंधार प्रचार की सफलता का उल्लेख विशेष रूप से किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की भूमिका और प्रचार का रिकॉर्ड बन गया है। बिहार का ये जनादेश विकास और राष्ट्रवाद के लिए है, बिहार की जनता ने एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह और नीतीश कुमार के नेतृत्व पर अटूट विश्वास जताया है। यह जनादेश विकास, राष्ट्रवाद और जनता की आस्था का सम्मान करने वालों के पक्ष में है, उज्जैन में जश्न के दौरान भाजपाइयों ने यह है बात कही। भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने महागठबंधन पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि विपक्ष बार-बार राम मंदिर को लेकर ओछी राजनीति करता था। बिहार की जनता ने आज सनातन सभ्यता और राष्ट्र की भावनाओं पर चोट करने वाले विचारों को करारा जवाब दिया है।

सीएम डॉ. यादव ने बिहार के अलग-अलग जिलों में लगभग 28 सभाएं और रोड शो करते हुए कई विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी के लिए माहौल बनाया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जिन 27 सीटों पर प्रचार किया था, उन सभी सीटों पर एनडीए उम्मीदवारों ने शानदार जीत दर्ज की है जो उनकी मेहनत और लोकप्रियता का स्पष्ट प्रमाण है। इस विजयोत्सव के दौरान उपस्थित वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाकर और बधाई प्रेषित कर उनका उत्साह बढ़ाया। जिसमें सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, महापौर मुकेश टटवाल, निगम सभापति कलावती यादव, जश्न में समाजसेवी नारायण यादव, वीरेंद्र कावड़िया, रूप पमनानी, विवेक जोशी, जगदीश पांचाल, आनन्दसिंह खींची, कमल बैरवा, मुकेश यादव, कल्याण शिवहरे, दिनेश जाटवा, जितेन्द्र कृपलानी, राकेश पंड्या, प्रमिला यादव, सोनल जोशी, प्रियंका सेंगर सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

### विकास की जीत

नवभारत से चर्चा में भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने बताया कि राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कोसने में कोई कमी नहीं छोड़ी, अनर्गल बयानबाजी की गई, प्रधानमंत्री की मां तक को वहां पर गाली दिलवाई गई। वोट चोरी जैसे झूठे आरोप लगाए गए, राहुल गांधी तो इस चुनाव में एक बार फिर पप्पू साबित हो गए हैं और उनके जो आरोप थे वह भी फुस्सी बम निकले हैं। बिहार की जनता ने एक बार फिर बता दिया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास हो रहा है और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बिहार में जो ताबड़तोड़ रैलियां की उसका परिणाम दिख रहा है कि एनडीए 200 पार बिहार में पहुंच गया। मीडिया प्रभारी दिनेश जाटवा के अनुसार, भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने इस जीत को ऐतिहासिक, वैचारिक और विकास की जीत बताया। उन्होंने विशेष रूप से कहा की हमारी खुशी दोगुनी है। क्योंकि मध्य प्रदेश के हमारे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्वयं बिहार चुनाव में एक स्टार प्रचारक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, मौत

**उज्जैन। सड़कों पर मौत बनकर वाहन दौड़ लगा रहे हैं, हर दिन सड़क दुर्घटना में मौत होना सामने आ रहा है। बीती शाम को चिमनगंज और घटिया थाना क्षेत्र के बीच बाइक चला दो बच्चों के पिता को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिसकी मौके पर ही मौत हो गई।**

तराना के ग्राम मुंडली में रहने वाला जयप्रकाश पिता भगवान सिंह चौहान 35 साल मजदूरी का काम करता था। गुरुवार सुबह उज्जैन आया था शाम को बाइक से वापस लौटते समय कनीपुरा पर घट्टिया और चिमनगंज थाना क्षेत्र के बीच ग्राम भान बड़ोदिया और गुनाई मार्ग पर अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। घटना में जयप्रकाश की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना मिलते ही चिमनगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई थी जहां से मृतक की बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। दुर्घटना घटिया थाना क्षेत्र के बीच हुई थी। जिसके चलते संबंधित थाना पुलिस को सूचना दी गई शुक्रवार सुबह घट्टिया थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया है। परिजनों ने बताया कि जयप्रकाश दो बच्चों का पिता था और मजदूरी के लिए कई बार उज्जैन भी आता था।

### हर दिन हो रही सड़क दुर्घटनाएं

जिले में हर दिन सड़क दुर्घटना के मामले सामने आ रहे हैं बड़े वाहन चालक बेकाबू रफ्तार से दौड़ रहे हैं। बुधवार गुरुवार रात इंगोरिया थाना क्षेत्र के नई आबादी ग्राम बलेड़ी में अज्ञात वाहन ने रात 2.30 बजे घर के बाहर सो रहे वृद्ध को कुचल दिया था। बुधवार सुबह माधव नगर थाना क्षेत्र में बाइक चालक ने वृद्ध को टक्कर मारकर मौत की नींद सुला दिया। यही नहीं मंगलवार को मक्सी रोड पर दुर्घटना में एक युवक की जान चली गई थी और दूसरा घायल हुआ था दोनों कायथा के रहने वाले थे और पुलिस भर्ती परीक्षा देकर घर लौट रहे थे। इससे पहले भी मक्सी रोड पर डंपर से दुर्घटनाएं होना सामने आ चुका है। देवास रोड पर भी दो युवकों को ट्रक ने कुचल कर मार डाला था। लगातार दुर्घटना के बावजूद बेकाबू रफ्तार से दौड़ते वाहनों पर पुलिस का ब्रेक नहीं लग पा रहा है।

### आज केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ से 2 को मिलेगी आजादी

उज्जैन। 15 नवम्बर को राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस मनाया जायेगा। जो प्रदेश की जेलों में बंद 32 कैदियों के लिये खुशी का दिन लेकर आयेगा राज्यपाल मांगूभाई पटेल के निर्देश पर प्रदेश सरकार ने आजीवन कारावास की सजा भुगत रहे कैदियों के अच्छे अचारण पर उन्हें रिहा करने का फैसला लिया है। केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ के अधीक्षक मनोज साहू ने बताया कि 15 नवम्बर को धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जन्म शताब्दी राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस के रूप में मनाई जायेगी। इस अवसर पर मध्यप्रदेश शासन, जेल विभाग मंत्रालय ने प्रदेश की जेलों में बंद 32 कैदियों की आजीवन कारावास से रिहाई का फैसला लिया है। जिसमें 9 आदिवासी बंदी है। उज्जैन केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ से 2 बंदियों को छोड़ा जायेगा। जेल अधीक्षक साहू के अनुसार मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है, जहां वर्ष में पांच बार आजीवन कारावास के बंदियों को सजा में छूट प्रदान कर समय से पूर्व रिहाई दी जायेगी। राज्यपाल के निर्देश पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सरकार का ऐतिहासिक निर्णय है। इससे पहले चार राष्ट्रीय पर्व, 26 जनवरी गणतंत्र दिवस, 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस, 2 अक्टूबर राष्ट्रपिता माहत्मा गांधी की जयंती और 14 अप्रैल डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती पर बंदियों की रिहाई का प्रावधान था। जेल मंत्रालय ने दंड प्रकिया संहिता की धारा-432 सहपठित धारा-433 एवं धारा -433 (क) भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 473 सहपाठित 474 एवं 475 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नई रिहाई नीति 15 नवम्बर भगवान बिरसा मुंडा जयंती को भी शामिल किया गया है।

# निगम के संसाधनों में 9 नए वाहनों को निगम अध्यक्ष ने हरी झंडी दिखाई

**उज्जैन. 1 करोड़ 35 लाख की लागत से 09 नवीन वाहन नगर निगम के संसाधनों में शामिल हुए हैं। जिनका शुभारंभ शुक्रवार को ग्रांड होटल से निगम अध्यक्ष कलावती यादव, नगर भाजपा अध्यक्ष संजय अग्रवाल, वर्कशॉप विभाग की प्रभारी दुर्गा शक्ति सिंह चौधरी की उपस्थिति में पूजन करते हुए, फीता काटकर एवं हरी झंडी दिखाते हुए रवाना किया गया।**

उक्त वाहनों के अंतर्गत 01 जेटिंग मशीन लागत 50 लाख, 01 सीवर मशीन लागत 20 लाख, 06 डोर टू डोर कलेक्शन वाहन लागत 51.50 लाख एवं 01 पशु गैंग के कर्मचारियों के लिए वाहन लागत 14.50 के नए वाहन नगर निगम के संसाधनों में शामिल हुए। डोर टू डोर वाहनों के माध्यम से जिन वार्डों में अतिरिक्त वाहनों एवं जिन वार्डों में कचरा वाहन नहीं पहुंच पाते हैं वहां पर वाहनों की व्यवस्था की जाएगी। इस दौरान अपर आयुक्त संतोष टैगोर, उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल, सहायक यंत्री जगदीश मालवीय, रवि राठौर, उपयंत्री कृष्णा भूरिया पंकज मिश्रा उपस्थित रहे।

## श्री सिंथेटिक कर्मचारियों की बैठक कल

**उज्जैन।** श्री सिंथेटिक्स कर्मचारी क्रेडिट को आपरेटिव सोसायटी लिमिटेड उज्जैन के संचालक व कर्मचारी कांग्रेस संघर्ष मोर्चा के संयोजक प्रकाश सोलंकी के अनुसार 10 नवंबर को कोलकाता उच्च न्यायालय में तारीख लगी थी व पास पास की तारीखे लग रही है। अगली तारीख 9 दिसंबर भी नियत है। इसी को लेकर कोलकाता उच्च न्यायालय में हुई प्रोसीडिंग की जानकारी देने हेतु आवश्यक बैठक का आयोजन 16 नवंबर रविवार को दोपहर 12 बजे शहीद पार्क, उज्जैन पर किया जा रहा है। समस्त कर्मियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील है।

## 69वीं राज्य स्तरीय शालेय बैडमिंटन प्रतियोगिता में उज्जैन ने जीते 3 मेडल

**उज्जैन।** छिंदवाड़ा में हुई 69वीं राज्य स्तरीय शालेय बैडमिंटन प्रतियोगिता में उज्जैन संभाग ने 3 मेडल पर कब्जा किया। वहीं आरव तथा वानधी का नेशनल के लिए चयन हुआ। उज्जैन संभाग टीम के कोच योगेश बंदेवार, कोच कुलदीप सिंह चौहान, कोच विधि शर्मा, कोच भंवर सिंह एवं जनरल मैनेजर पुरुषोत्तम राठौर ने बताया कि बालिका अंडर 17, बालक अंडर 17 तथा बालक अंडर 19 वर्ष में टीम ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। बालक अंडर 19 टीम में आरव श्रीवास्तव, हर्ष प्रजापत, विवान ऐरन, शिवांश राठौर, भव्यम जैन, बालक अंडर 17 वर्ष में अर्पण काव्या, संकल्प, एकांश मनन अब्दुल तथा बालिका अंडर 17 वर्ष में वानधी चौधरी, अद्विका सिंह, नियति चन्दनानी, मुग्धा, प्रेयशीता ने पदक जीतकर शहर का मान ब?ाया। दो खिलाड़ियों आरव श्रीवास्तव तथा वानधी चौधरी का चयन राष्ट्रीय स्तर के लिए हुआ है, दोनों ही खिलाड़ियों ने महानंदा नगर विक्रमादित्य बैडमिंटन क्लब उज्जैन में कोच शैलेंद्र मिश्रा एवं कोच योगेश बंदेवार के पास प्रशिक्षण प्राप्त किया है। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि के लिए विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, उज्जैन बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष वैभव यादव, विक्रमादित्य बैडमिंटन क्लब के अध्यक्ष दिनेश जाटवा, सेक्रेटरी जितेंद्र मुकाती सहित सभी सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया तथा खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## पूर्व महापौर, निगम अध्यक्ष एवं पार्षदों का संगठन बनाकर विकास कार्य करना है: महापौर

### स्नेह सम्मेलन का समारोह पूर्वक सफल आयोजन संपन्न




**उज्जैन।** शुक्रवार को महाकाल मंदिर के पास स्थित महाराजवाड़ा सम्राट विक्रमादित्य हेरिटेज होटल पर पूर्व महापौर, निगम अध्यक्ष एवं पार्षदों का स्नेह सम्मेलन समारोह पूर्वक आयोजित किया गया। जिसमें सांसद अनिल फिरोजिया, राज्यसभा सांसद उमेश नाथ महाराज, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, सत्यनारायण पंवार, इंदिरा त्रिवेदी, मदनलाल ललावत, मीना विजय जोनवाल, पूर्व निगम अध्यक्ष प्रकाश चित्तौड़ा, अनंत नारायण मीणा एवं सन 1971 से लेकर वर्तमान बोर्ड तक की परिषद के पार्षदगण सम्मिलित हुए।

स्नेह सम्मेलन को संबोधित करते हुए महापौर मुकेश टटवाल द्वारा कहा कि जिस प्रकार आप सभी अल्प निवेदन पर इस समारोह में पधारे हैं आप सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद एवं आभार शहर में स्थाई प्रवृत्ति के कार्यों पर जोर दिया जाकर कार्य किए जा रहे है। महापौर चौपाल जिसमें ठेले गुमटियों वालों को आमंत्रित करते हुए उनकी समस्याओं का समाधान करवाया गया। प्रधानमंत्री स्व निधि योजना के तहत ऋण उपलब्ध करवाते हुए उक्त योजना में देश में प्रथम स्थान अर्जित किया। प्रधानमंत्री आवास योजना मल्टी के तहत कानीपूरा मल्टी में हितग्राहियों को स्वयं के घरों की छत होने के सपने को साकार किया। साथ ही मंछामन मल्टी पर कार्य चल रहा है इसी के साथ-साथ उज्जैन शहर को स्वच्छता में भी नंबर वन बनाते हुए सुपर स्वच्छता लीग में प्रथम स्थान पर उपलब्धि मिली है। एक और नवाचार करने की आवश्यकता है। जिसमें पूर्व महापौर, निगम अध्यक्ष एवं पार्षदों का संगठन बनाया जाए जो की शहर विकास के रूप में सलाहकार बनते हुए एक टीम वर्ग के रूप में कार्य करें।

इस दौरान नेता प्रतिपक्ष रवि राय, एमआईसी सदस्य रजत मेहता, प्रकाश शर्मा, कैलाश प्रजापत, जितेंद्र कुवाल, डॉ योगेश्वरी राठौर, दुर्गा शक्ति सिंह चौधरी, सुगन बाबूलाल बाघेला, जोन अध्यक्ष विजय सिंह कुशवाहा, सुरेंद्र मेहर, पार्षदगण उपस्थित रहे। संचालन शिवेंद्र तिवारी एवं आभार एमआईसी सदस्य सत्यनारायण चौहान द्वारा किया गया।

**शिक्षा मंत्री मंदिर में** — बगलामुखी के साथ वृद्धाश्रम भी गए और वस्त्र वितरण किए

# उच्च शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार ने किए महाकाल दर्शन, महंत महावीर नाथ के साथ पहुंचे

**नवभारत न्यूज**


**उज्जैन।** मप्र के उच्च शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार शुक्रवार को उज्जैन आए। उन्होंने ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर के महंत महावीर नाथ जी महाराज के साथ महाकाल मंदिर पहुंचकर दर्शन किए।



महंत श्री महावीर नाथ जी ने भगवान महाकाल के गर्भगृह में जाकर दर्शन कर जलाभिषेक किया। वहीं मंत्री परमार ने गर्भगृह के बाहर से खड़े होकर आशीर्वाद लिया। पूजन महाकाल मंदिर के पुरोहित पं. रूपम गुरु, नवनीत गुरु ने संपन्न कराया। सभा मंडप में महंत व मंत्री का पुष्पमाला पहनाकर पुरोहितों ने स्वागत किया। इसके बाद मंत्री परमार ने भैरवगढ़ स्थित मां बगलामुखी धाम में भी जाकर दर्शन किए। इसके बाद वे रणजीत हनुमान मंदिर के सामने शिप्रा तट पर बने वृद्धाश्रम में भी पहुंचे और वस्त्र वितरण किए।

**अभिषेक-उज्जैन।** चक्रतीर्थ स्थित श्री बटुक भैरव मंदिर पर कालभैरव अष्टमी पर भगवान बटुक भैरव को 56 भोग अर्पित कर महाआरती की गई। महाआरती के बाद हुए भंडारे में हजारों भक्तों ने महाप्रसादी ग्रहण की। मंदिर के वरुण तिवारी ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बटुक भैरव मन्दिर पर कालभैरव अष्टमी का भव्य आयोजन किया गया। सर्वप्रथम भगवान बटुक भैरव का सुगंधित द्रव्य एवं फलों के रसो से अभिषेक पूजन किया।

### उज्जैन आए स्वामी वितरागानंद सरस्वती महाराज



उज्जैन। द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंद सरस्वती महाराज के कृपा पात्र शिष्य स्वामी वितरागानंद सरस्वती महाराज के दंड सन्यास धारण के पश्चात चातुर्मास पूर्ण होने पर उज्जैन आगमन पर उपनिषद आश्रम सदावल मार्ग उज्जैन पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में भंडारे के साथ संगीतमय सुंदरकांड आयोजन किया गया। समारोह में विशेष रूप से नेता प्रतिपक्ष रवि राय, हरि सिंह यादव, पार्षद छोटेलाल मंडलोई, सुरेंद्र चतुर्वेदी, रामजी भाई पाटीदार, अमित पांडे, कैलाश नारायण उपाध्याय, अविनाश पाराशर, अभिषेक शर्मा, कपिल शुक्ल आदि उपस्थित रहे। यह जानकारी पंडित नितिन शर्मा द्वारा दी गई।